Topic - Prevention Neurological disability children

अधिगम अक्षमता या अपंगता के कारण

Causes of learning disabilities

SEM-3, SC-301

2. जैविक या शारीरिक कारण organic or Physiological Causes

अधिगम अक्षमताओं से युक्त बहुत से बालकों में जैविक या शारीरिक दोषों को उनकी अक्षमताओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। इस प्रकार के दोषों का संबंध अधिकतर उनके केन्द्रीय स्नायु संस्थान (Central Nervous System) जिसमें मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी तथा संवेदन तंत्रिकाओं में शामिल है, के विकारों में रहता है। केन्द्रीय स्नायु संस्थान से जुड़े हुए ऐसे दोष तथा विकारों का जन्म प्रायः निम्न बातों से होता है।

(a) दुर्घटना के कारण मस्तिष्क को कोई क्षति पहुँच सकती है या शिशु को जन्म से पहले, जन्म के दौरान, या जन्म के तुरंत बाद ऑक्सीजन मिलने की मात्रा में कमी होने से न्यूरोलोजिकल विकारों (Neurological disability) की वजह से मस्तिष्क में ऐसे दोष उत्पन्न हो सकते हैं जिनसे अधिगम क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े

(b) रीढ़ की हड्डी तथा संदेश वाहक तंत्रिकाओं को ऐसा आघात पहुँच सकता है जिससे अधिगम संबंधित कठिनाइयाँ या अक्षमता पैदा हो जाए

(c) जैविक रसायन असंतुलन biochemical imbalance की वजह से केन्द्रीय स्नायु संस्थान विकारग्रस्त हो सकता है।

इस प्रकार के जैविक रसायन असंतुलन के पैदा होने के पीछे निम्न बातें कार्य कर सकती हैं:

- बहुत से खाद्य पदार्थों में स्वाद के लिए तथा रंग देने के लिए जो रसायन मिलाये जाते हैं उनके सेवन से अत्यधिक उत्तेजना, बेचैनी, व्यग्रता तथा संवेदात्मक असंतुलन संबंधी दोष पैदा हो जाते हैं जिनके परिणाम-स्वरूप केन्द्रीय स्नायु संस्थान की कार्य प्रणाली दोषपूर्ण